## Workshop

DIC BHU डिजाइन एवं इनोवेशन विषय पर आधारित 7 से 15 दिन की कार्यशाला प्रत्येक संस्थान/संकाय के प्रत्येक सेमेस्टर में कराने की योजना बनाया है। संकाय एवं संस्थान सम्पूर्ण कार्यशाला, मेन्टर, स्थान, समयावधि आदि का निर्णय स्वयं करेंगे।

DIC BHU कार्याशाला अपने नियमानुसार (7 दिन के लिए 1 लाख तथा 15 दिन के लिए 1.5 लाख) की धनराशि प्रदान करेगा। हमारा मुख्य उद्देश्य एक ऐसी इनोवेटिव और प्रायोगिक कार्यशाला कराना है जो हमें प्रोटोटाइप, बिजनेस मॉडल, उद्यमिता और समस्याओं का इनोवेटिव समाधान प्रदान कर सकें। प्रतिभागियों की संख्या अधिकतम 35 हो सकती है जो सम्बन्धित संकाय/संस्थान से या बी.एच.यू. के किसी अन्य विभाग, संकाय आदि से हो सकते है।

कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक सेमेस्टर में होगा जिसका समय सुविधानुसार तय किया जाएगा और प्रत्येक डिजाइन इनोवेशन कार्यशाला के लिए प्रस्ताव जमा करने की अन्तिम तिथि आयोजित होने वाले माह के पूर्व माह की 30वी तिथि होगी।

हम आपको अपने प्राध्यापक साथियों एवं विद्यार्थियों के साथ किसी सुविधाजनक समय पर DIC BHU को देखने एवं हमारे कार्यो को समझने के लिए सादर आमंत्रित करते है। आप हमारी वेबसाइट www.diciitbhu.com पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।